# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (09.07.2025)**

# HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:09.07.2025, PAGE-04

# नौ कमेटियां करेंगी दीक्षांत समारोह की तैयारी

- स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में इन कमेटियों को सौंपा गया काम का जिम्मा
- सत्र 2021-23 व 2022-24 के टॉपर्स को मिलेगा गोल्ड मेडल



मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारी के लिए नौ कमेटियां बनाई गई हैं। मंगलवार को कुलपति ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में इन कमेटियों को कार्य का जिम्मा सौंपा गया। दीक्षांत समारोह में पीजी और पीएचडी के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिये जाने हैं। सत्र 2021-23 और 2022-24 के 26 विषय के टॉपर्स को गोल्ड मेडल मिलेगा। 25 अगस्त को समारोह का आयोजन होना है।

**बिहार व कश्मीर के राज्यपाल होंगे शामिल:** दीक्षांत समारोह में बिहार और कश्मीर के राज्यपाल शामिल होंगे। इनके स्वागत को लेकर भी बैठक में निर्देश दिया गया। बैठक में रिशेप्सन कमेटी, कैम्पस ब्यूटीफाई कमेटी समेत अलग-अलग समिति बनी। कैम्पस ब्यूटीफाई कमेटी को परिसर के सौन्दर्यीकरण की जिम्मेवारी दी गई। इसके अलावा खाने-पीने की व्यवस्था, आवासन के लिए अलग-अलग कमेटी बनाई गई है। दीक्षांत समारोह के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसकी व्यवस्था करने को भी एक कमेटी बनाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि समारोह में मालवीय पगड़ी में सभी लोग दिखेंगे। मौके पर कुलगीत, मंगलाचरण और राष्ट्रगान होना है। इसके लिए भी एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी के सदस्यों को कार्य को किस तरह मूर्त रूप देना है, इसके लिए बुधवार को एकबार फिर बैठक होगी।

### 53 टॉपर्स होंगे शामिल

अधिकारियों ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 53 टॉपर्स को गोल्ड मेडल देने की तैयारी है। समारोह में शामिल होने को लेकर टॉपर्स को एक फॉर्म भरना होगा। इस प्रक्रिया को लेकर इस सप्ताह में गाइडलाइन जारी की जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 09.07.2025, PAGE-04**

## काउंसिलिंग में 16 सहायक प्राध्यापक पहुंचे



गेस्ट हाउस में काउंसिलिंग कराते अभ्यर्थी • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मंगलवार को गेस्ट हाउस में अंग्रेजी में चयनित सहायक प्राध्यापकों के लिए काउंसिलिंग हुई। इसमें 16 सहायक प्राध्यापक अपने दस्तावेज और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ पहुंचे। काउंसिलिंग में प्राक्टर प्रो. बीएस राय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। काउंसिलिंग में अनुभव प्रमाण पत्र की जांच हुई। दूसरी ओर बुधवार को होम साइंस के लिए चयनित सहायक प्राध्यापकों की काउंसिलिंग होगी। मौके पर प्रो. प्रमोद कुमार, विकास पदाधिकारी डा. जितेशपति त्रिपाठी, गेस्ट हाउस प्रभारी डा. अमर बहादुर शुक्ला समेत अन्य रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 09.07.2025, PAGE-04


## पार्ट वन में प्रमोटेड या फेल भी भर सकेंगे पार्ट थर्ड का फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट वन की परीक्षा में फेल, छूटे या प्रमोटेड छात्र भी टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए फार्म भर सकेंगे। ऐसे छात्रों के लिए बुधवार तक फार्म भरने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने बताया कि जो बच्चे टीडीसी पार्ट वन की नियमित परीक्षा में फेल, प्रमोटेड या छूट गए थे और 2024 की स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा में भी शामिल नहीं हो सके हैं उनके लिए एक मौका दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से एक और स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा होगी। इसमें शामिल होकर वे पार्ट वन का रिजल्ट क्लियर कर सकेंगे। इससे पहले वे पार्ट थर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे।

## स्वामी सहजानंद ने रखी संगठित किसान आंदोलन की नींव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: इतिहास प्रो. प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर भारतवर्ष में किसानों की चर्चा होगी तो स्वामी सहजानंद सरस्वती को याद करना होगा। स्वतंत्रता आंदोलन को देश का मध्य वर्ग चला रहा था जिन्हें सीमांत किसान और मजदूरों की परेशानी से बहुत कम सरोकार था। ऐसे समय में स्वामी सहजानंद ने किसानों की आर्थिक विपन्नता को देश के सामने लाते हुए संगठित किसान आंदोलन की नींव रखी। वे प्रो. अरुण कुमार सिन्हा दशम स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पूर्व प्रोफेसर अजीत कुमार ने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन बेदाग था। पूर्व सीनेटर प्रो. अरुण कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराया। कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि 1930 से 1945 के बीच के किसान आंदोलन का इतिहास उनके बिना अधूरा है। मौके पर लक्ष्मणदेव प्रसाद सिंह, डा. हरेंद्र कुमार, संजीव साहू, प्रो. अनिल कुमार ओझा, ब्रजेश कुमार शर्मा, डा. संजय पंकज, डा. ममता रानी, अरविन्द वरुण, मुकतेश्वर मुकेश, डा. अनिता सिंह ने विचार रखे। मंच संचालन सिंडिकेट सदस्य प्रो. सत्येंद्र कुमार सिंह टुनटुन ने किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.07.2025, PAGE-04

# पीजी के दो सत्रों के टापरों को मिलेगा गोल्ड मेडल

## कुलपति की अध्यक्षता में दीक्षा समारोह के आयोजन को लेकर हुई बैठक, शामिल हुए अधिकारी समेत अन्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 25 अगस्त को होने वाले दीक्षा समारोह में पीजी के दो सत्रों के टापरों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसमें सत्र 2022-24 और 2021-23 के विषयवार टापरों को मेडल मिलेगा। वहीं पीएचडी के 167 शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। वहीं स्नातक के सत्र 2021-24 के तहत टापरों को गोल्ड मेडल मिलेगा या नहीं इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इस संबंध में राजभवन की ओर से निर्धारित गाइडलाइन का पालन किया जाएगा।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दीक्षा समारोह को लेकर पहली बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों से लेकर पीजी विभागाध्यक्ष समेत अन्य शामिल हुए। कुलपति की अध्यक्षता में समारोह को लेकर स्टीयरिंग एंड मानीटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। इसमें कुलपति प्रो. डीसी राय, डीएसडब्ल्यू, प्राक्टर समेत अन्य अधिकारी होंगे। वहीं अन्य कई कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय की ओर से जारी किया जाएगा। हर कमेटी के संयोजक का नाम तय होगा और अन्य सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा।

- स्नातक के टापरों पर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं, राजभवन की गाइडलाइन से होगा निर्णय
- पीजी के सत्र 2021-23 और 2022-24 के टापरों को मिलेगा गोल्ड मेडल



### गाइडलाइन पर की गई चर्चा

बैठक में राजभवन की ओर से दीक्षा समारोह को लेकर निर्धारित गाइडलाइन पर चर्चा हुई। तय हुआ कि समारोह को लेकर प्रोशेसन निकाला जाएगा। यह विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी गेट से निकलकर आडिटोरियम तक पहुंचेगा। इसमें मुख्य अतिथि, अतिथि, विश्वविद्यालय के अधिकारी, डीन, सिंडिकेट सदस्य, सीनेट सदस्य समेत अन्य शामिल होंगे। बैठक में दीक्षा समारोह में अतिथियों, अधिकारियों और अन्य के ड्रेस कोड पर चर्चा हुई। प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने बताया कि समारोह को लेकर बैठक हुई। इसमें ड्रेस कोड, तैयारी, व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। स्नातक के टापरों को मेडल मिलेगा या नहीं, इसको लेकर राजभवन के अद्यतन गाइडलाइन से निर्णय होगा।

### ये कमेटियां बनेंगी

- कैंपस ब्युटीकेशन कमेटी
- डिग्री एंड मेडल कमेटी
- वेन्यु डेकोरेशन कमेटी
- प्रोशेसन कमेटी
- एकेडमिक रोब्स कमेटी
- फूड रिफ्रेशमेंट कमेटी
- प्रेस एंड पब्लिसिटी कमेटी
- सिक्युरिटी कमेटी
- कुलगीत, नेशनल एंथम कमेटी
- इन्विटेशन एंड रिसेप्शन कमेटी
- सीटिंग अरेंजमेंट कमेटी

### पूर्व के सत्रों के टापरों को भी मिले सम्मान

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दीक्षा समारोह में पूर्व के सत्रों के टापरों को भी गोल्ड मेडल प्रदान किए जाने की मांग की है। इसको लेकर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय को ज्ञापन भी सौंपा है। विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने कहा है कि विगत कुछ वर्षों से नियमित दीक्षा समारोह नहीं होने के कारण टापरों को मेडल नहीं मिल रहा है। ऐसे में जब 25 अगस्त को दीक्षा समारोह का आयोजन हो रहा है तो विगत कुछ सत्रों के टापरों को भी शामिल किया जाए। वहीं विद्यार्थियों ने स्नातक के टापरों को भी मेडल प्रदान किए जाने की मांग की है।

### पीजी 2021-23 के टापर

| | | |
|---|---|---|
| अदन चंद्र दास | बांग्ला | विश्वविद्यालय बांग्ला विभाग |
| तलत फातिमा | रसायनशास्त्र | विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग |
| फूल कुमारी | संस्कृत | विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग |
| आशुतोष | मैथिली | विश्वविद्यालय मैथिली विभाग |
| नलिनी | संगीत | एमडीडीएम कालेज |
| प्रिया कुमारी | भूगोल | एमजेके कालेज बेतिया |
| निशा कुमारी | गणित | आरएन कालेज हाजीपुर |
| अंजलि कुमारी | बाटनी | एमडीडीएम कालेज |
| चंदा कुमारी | एआइएच | आरडीएस कालेज |
| सोनम रानी | समाजशास्त्र | नीतीश्वर कालेज |
| वंदना कुमारी | भौतिकी | विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग |
| पुनिता कुमारी | होम साइंस | विश्वविद्यालय होम साइंस |
| फैसल मंसूर | इलेक्ट्रानिक्स | विश्वविद्यालय इलेक्ट्रानिक्स विभाग |
| अवंतिका | जूलाजी | एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी |
| मानसी मेहता | अंग्रेजी | एमडीडीएम कालेज |
| काजल कुमारी | हिंद | एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी |
| सना शाहीन | मनोविज्ञान | एमडीडीएम कालेज |
| एरम जहां | उर्दू | विश्वविद्यालय उर्दू विभाग |
| अवंतिका डे | राजनीति विज्ञान | विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग |
| सोनू कुमार | दर्शनशास्त्र | विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग |
| श्रेया | अर्थशास्त्र | विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग |
| अभिषेक कुमार | इतिहास | विश्वविद्यालय इतिहास विभाग |
| वर्षा रानी | कामर्स | विश्वविद्यालय कामर्स विभाग |

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 09.07.2025, PAGE-04


# स्वामी सहजानंद सरस्वती ने रखी थी किसान आंदोलन की नींव: वीसी

## सीनेट हॉल में प्रो अरुण कुमार सिन्हा दशम स्मृति व्याख्यान का आयोजन

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर



व्याख्यान को संबोधित करते पूर्व सांसद लोकसभा आनंद मोहन सिंह.

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में प्रो अरुण कुमार सिन्हा दशम स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस मौके पर किसान आंदोलन के शिल्पकार स्वामी सहजानंद सरस्वती पर चर्चा हुई. सबसे पहले अरुण कुमार सिन्हा के तैल चित्र पर अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की. अध्यक्षता करते हुये बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीसी राय ने स्वामी सहजानंद सरस्वती को महान देशभक्त बताया. उन्होंने कहा कि वर्ष 1930 से 1945 के बीच के किसान आंदोलन का इतिहास स्वामी के बिना अधूरा है. अगर स्वामी सहजानंद नहीं होते तो आज सामाजिक न्याय की बात भी नहीं हो पाती. उन्होंने अरुण कुमार सिन्हा को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें एक कुशल शिक्षक बताया. मुख्य वक्ता प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर भारतवर्ष में किसानों की चर्चा होगी तो स्वामी सहजानंद सरस्वती को याद करना होगा. स्वतंत्रता आंदोलन को देश का मध्य वर्ग चला रहा था, जिन्हें सीमांत किसान और मजदूरों की परेशानी से बहुत कम सरोकार था, ऐसे समय में स्वामी सहजानंद ने किसानों की गंभीर आर्थिक विपन्नता को देश के सामने लाया और संगठित किसान आंदोलन की नींव रखी. प्रो अजीत कुमार ने कहा कि अरुण बाबू एक ईमानदार राजनेता के साथ कुशल शिक्षक भी थे. उनका सार्वजनिक जीवन बेदाग था. श्रद्धांजलि सभा को लक्षणदेव प्रसाद सिंह, डॉ हरेंद्र कुमार, संजीव साहू, प्रो अनिल कुमार ओझा, ब्रजेश कुमार शर्मा, डॉ संजय पंकज, डॉ ममता रानी, अरविन्द वरुण, मुक्तेश्वर मुकेश, डॉ अनीता सिंह ने संबोधित किया. इस मौके पर गुरुशरण सिन्हा, डॉ मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:09.07.2025, PAGE-04


### 25 अगस्त को होना है आयोजन, तैयारी के लिए बनेंगी कई कमेटियां

# विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू

## स्टीयरिंग एंड मॉनीटरिंग कमेटी गठित

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह साल बाद होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां मंगलवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गयी है. 25 अगस्त को आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह के लिए राजभवन से अनुमति मिल चुकी है. जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समारोह की अध्यक्षता करेंगे. कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में एक स्टीयरिंग एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है, जो सभी तैयारियों पर पैनी नजर रखेगी. इस कमेटी में प्रॉक्टर, डीएसडब्ल्यू, रजिस्ट्रार,



एफओ, एफए और परीक्षा नियंत्रक शामिल हैं. कुलपति ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की. कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि समारोह के आयोजन को लेकर कमेटी गठन के साथ ही ड्रेस कोड, प्रोसेशन का मार्ग और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई.

**दर्जन भर कमेटियां संभालेंगी अलग-अलग जिम्मेदारियां**

जल्द ही दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए दर्जन भर से अधिक कमेटियों का गठन किया जाएगा. जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी. इन कमेटियों में कैंपस ब्यूटीफिकेशन कमेटी, डिग्री एंड मेडल कमेटी, वेन्यू डेकोरेशन कमेटी, प्रोसेशन कमेटी, एकेडमिक रोब्स कमेटी, फूड रिफ्रेशमेंट कमेटी, प्रेस एंड पब्लिसिटी कमेटी, सिक्योरिटी कमेटी, कुलगीत-नेशनल एंथम कमेटी, इन्विटेशन एंड रिसेप्शन कमेटी और सिटिंग अरेंजमेंट कमेटी शामिल हैं.

**पीजी 2021-23 के ये हैं टॉपर**

दीक्षांत समारोह में पीजी सत्र 2021-23 के टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा. विभिन्न विभागों के टॉपर्स में अदन चंद्र दास (बांग्ला), तलत फातिमा (रसायनशास्त्र), फूल कुमारी (संस्कृत), आशुतोष (मैथिली), नलिनी (संगीत), प्रिया कुमारी (भूगोल), निशा कुमारी (गणित), अंजलि कुमारी (बॉटनी), चंदा कुमारी (एआईएच), सोनम रानी (समाजशास्त्र), वंदना कुमारी (भौतिकी), पुनीता कुमारी (होम साइंस), फैसल मंसूर (इलेक्ट्रॉनिक्स), अवंतिका (जूलॉजी), मानसी मेहता (अंग्रेजी), काजल कुमारी (हिंदी), सना शाहीन (मनोविज्ञान), एरम जहां (उर्दू), अवंतिका डे (राजनीति विज्ञान), सोनू कुमार (दर्शनशास्त्र), श्रेया (अर्थशास्त्र), अभिषेक कुमार (इतिहास) और वर्षा रानी (कॉमर्स) शामिल हैं.